हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 2 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सिंबल लोडिंग यूनिट-एस एल यू के प्रबंधन और भंडारण के लिए निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि वे इसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करें। पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया था कि उसे चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद 45 दिनों तक सिंबल लोडिंग यूनिट को सील करके सुरक्षित रखने की व्यवस्था करनी होगी।

आयोग ने कहा है कि शीर्ष न्यायालय के आदेशानुसार सभी एसएलयू कंटेनरों को गुलाबी पेपर से इस तरह सील किया जाये ताकि सील को बगैर तोड़े इन्हें खोला न जा सके।

आदेश में कहा गया है कि उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधियों को एसएलयू कंटेनर पर चिपकाए गए सील पेपर पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाएगी। आयोग के अनुसार एसएलयू कंटेनरों को सील करने के 24 घंटे के भीतर इन्हें संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कर दिया जाएगा। इन कंटेनरों को एक अलग स्ट्रॉन्ग रूम में रखने की व्यवस्था करनी होगी।

....

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल कैथल जिले के हलका पूंडरी की अनाज मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा के कुरुक्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में वोट मांगें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दावा किया कि हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर कार्यकर्ताओं के दम पर व जनता के सहयोग से भाजपा जीत दर्ज करेगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए

आयाम हासिल किए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इस मौके पर पार्षद बलवान रंगा अपने समर्थकों सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए ।

इससे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने सबसे 25 मई को भाजपा को वोट देने की अपील भी की ।

....

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल ने आज अपने नामांकन दाखिल किये। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा और नवीन जिंदल की माता श्रीमती सावित्री जिंदल उनके साथ रहे। भाजपा प्रत्याशी की पत्नी शालू जिंदल ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा।

नामांकन के बाद कुरुक्षेत्र की अनाज मंडी में नामांकन सभा का आयोजन किया गया जिसमें नवीन जिंदल के साथ उनकी पत्नी उनकी माता, मुख्यमंत्री नायब सैनी राज्य मंत्री सुभाष सुधा सहित पूर्व मंत्री कमलेश □ांडा, पूर्व मंत्री संदीप सिंह, करण देव कांबोज, लाडवा से पूर्व विधायक पवन सैनी भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा से पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

....

केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को दिये जाने वाले शिक्षा और छात्रावास भत्ते में वृद्धि की गई है।

इस वर्ष जनवरी में मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह कार्मिक लोक शिकायत एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के वर्ष 2018 के निर्देश के अनुरूप है, जिसके अनुसार जब भी मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत बढ़ेगा तो भत्ते और रियायत में भी 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

....

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग की अध्यक्षता में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के सभी बी एल ओ के लिए वोटर्स इन क्यू एप का

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री यश गर्ग ने सभी बूथ स्तर अधिकारियों को वोटर्स इन क्यू एप के बारे में दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान सभी बी एल ओ का बूथवार पंजीकरण करने के उपरांत प्रत्येक की आई डी तैयार की गई। इस आई डी के माध्यम से बी एल ओ अपने-अपने बूथ की हर आधे घंटे बाद वोट डालने पहुंचे वोटरों की संख्या, वोटर्स इन क्यू एप पर अपडेट करेंगे। इसमें वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोगों की कुल संख्या, महिला और पुरूषों का डाटा भी अपडेट किया जा सकेगा।

....

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह निषेध अधिकारियों को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसको लेकर बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष के नम्बर 112 व 100 चाईल्ड हैल्प लाईन नम्बर, 1098 और महिला हैल्प लाईन नम्बर 1091 बारे आम जन को जागरूक किया जा रहा है ताकि आवश्यकता होने पर नागरिक इनका उपयोग कर सके।

प्रवक्ता ने बताया कि आमतौर पर अखा तीज पर सामाजिक प्रथा अनुसार लोगों द्वारा बड़ी संख्या में शादियों का आयोजन किया जाता है। जागरूकता के अभाव में इस दौरान कोई भी बाल विवाह न हो, इस लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि यह कानूनी अपराध है।

....